**सोमवार**
25 अप्रैल 2022



पृष्ठ 5
**'जर्सी' में काम कर बेहद खुश हैं मृणाल ठाकुर**



पृष्ठ 4
**गर्मियों में आपके पास जरूर होने चाहिए ये स्किन केयर प्रोडक्ट्स**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 86
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जिस प्रकार थोड़ी सी वायु से आग भड़क उठती है, उसी प्रकार थोड़ी सी मेहनत से किस्मत चमक उठती है।
— अज्ञात

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## भाजपा में जाऊंगा तो चोरी छुपे नहीं जाऊंगा: प्रीतम




विशेष संवाददाता

देहरादून। सोशल मीडिया के जरिए अपने बारे में फैलाई जा रही तमाम खबरों और हाईकमान को दी जा रही गलत जानकारियों से आहत पूर्व नेता विपक्ष और चकराता विधायक प्रीतम सिंह आज मीडिया के सामने आए और दो टूक शब्दों में कहा कि अगर मैं भाजपा में जाऊंगा तो चोरी–छिपे नहीं जाऊंगा।

प्रीतम सिंह ने आज यह बात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर भितरघात का आरोप लगाकर यह प्रचारित किया जा रहा है कि मेरे कारण ही पार्टी की हार हुई। उन्होंने कहा कि मैंने अगर कभी पार्टी के खिलाफ कहीं कोई बयान दिया हो या फिर किसी अधिकृत पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ कुछ कहा हो तो आरोप लगाने वाले मेरे सामने आए और इसका प्रमाण दें। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी यह कह चुका हूं कि मैंने अगर भितरघात की है तो प्रमाण दो मैं राजनीति छोड़ दूंगा, लेकिन पीठ पीछे किसी पर भी कोई आरोप लगाना ठीक नहीं है ऐसे तो कोई भी किसी के बारे में कुछ भी कह देगा तो क्या उसे सच मान लिया जाएगा?

**●झूठ बोलकर छवि खराब करने का आरोप**
**●जो कहना है पार्टी फोरम में कहे सोशल मीडिया पर नहीं**

प्रीतम सिंह ने कहा कि पार्टी हाईकमान को उनके बारे में गलत बातें बताकर उनकी छवि खराब की जा रही है। मीडिया में चल रही उनके भाजपा में जाने की खबरों के बारे में उन्होंने कहा कि इन खबरों का आधार क्या है? इन खबरों को कौन फैला रहा है? इसका पता चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अगर भाजपा में जाऊंगा तो चोरी–छिपे नहीं जाऊंगा। अपने ऊपर लगे आरोपों से आहत दिखे प्रीतम सिंह ने कहा कि जो पार्टी के खिलाफ काम करने वाले हैं उनसे कोई सवाल क्यों नहीं किए जाते। उन्होंने कहा कि झूठ फैलाने से झूठ ही रहता है वह सच नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## उत्तराखंड में बिजली संकट का कारण रूस-यूक्रेन युद्धः ऋतु खंडूरी

विशेष संवाददाता

देहरादून। धन्य है इस राज्य के जनप्रतिनिधि और उनका सामान्य ज्ञान जो उन्हें कभी भी उनके वक्तव्यों के कारण हंसी का पात्र बना देता है। कोटद्वार विधायक और विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी का बिजली संकट पर दिया गया बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिस पर लोग चुटकिंया ले रहे हैं।

दरअसल एक पत्रकार ने उनसे उत्तराखंड में चल रहे बिजली संकट के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली संकट का कारण रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा है युद्ध है। सवाल यह है कि क्या उत्तराखंड में बनने वाली बिजली रूस से आती है या फिर राज्य के पावर प्लांटों को रूस से आने वाले ईंधन से संचालित किया जाता है। उनके इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर लोग खूब चुटकी ले रहे हैं। रितु खंडूरी के इस सामान्य ज्ञान पर हर कोई हैरान है। हैरानी इस बात की भी है कि वह सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल बीसी खंडूरी की पुत्री है और एक वरिष्ठ

**❑सोशल मीडिया पर उड़ाया जा रहा है खूब मजाक**

आईएएस अधिकारी की पत्नी होने के साथ–साथ उच्च शिक्षित है। जब पढ़े लिखे समाज से ताल्लुक रखने वाली ऋतु खंडूरी का सामान्य ज्ञान इतना बेहतर है तो जो मिडिल पास हैं उनका तो कहना ही क्या होगा।

यह कोई पहला मर्तबा नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि द्वारा ऐसा उटपटांग बयान दिया गया हो। इससे पूर्व काबीना मंत्री धन सिंह रावत भी ऐसे डिवाइस के विकसित करने की बात कह चुके हैं जिससे जब चाहो जहां चाहो बारिश करा सकते हैं। यही नहीं पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत भी कोरोना को एक जीव बताकर यह बयान दे चुके हैं कि उसे भी जीने का अधिकार है। धन्य है इन नेताओं की फिलॉसफी और सामान्य ज्ञान जो फटी जींस से लेकर बारिश, कोरोना और बिजली उत्पादन के बारे में इतनी बेहतर जानकारियां रखते हैं। अब कांग्रेस को भी उन्होंने मजाक बनाने का एक और मौका दे दिया है।

## अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट फिर कर सकता है सुनवाई !




नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट में २३ मई से ११ जुलाई तक गर्मी की छुट्टियों के बाद अनुच्छेद ३७० को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होने की संभावना है। सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नफड़े ने मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है क्योंकि जम्मू–कश्मीर में परिसीमन किया जाना है। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया, यह पांच–न्यायाधीशों की पीठ का मामला है। मुझे दूसरे जजों से पूछना पड़ेगा क्योंकि कुछ जज रिटायर भी होने वाले हैं। हम इस मामले को छुट्टियों के बाद देखेंगे। बता दें कि ५ अगस्त २०१९ को केंद्र ने अनुच्छेद ३७० को निरस्त करके जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। जम्मू और कश्मीर को संविधान के अनुच्छेद ३७० और अनुच्छेद ३५ (राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से बनाया गया) के तहत एक विशेष दर्जा दिया गया था। अनुच्छेद ३७०, अनुच्छेद ३५ए के साथ मिलकर, भारत के संविधान के तहत जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता है, जिससे इसे एक अलग संविधान और अन्य कानूनी भेदों के बीच एक अलग दंड संहिता की अनुमति मिली थी।

## देश में बढ़ रहे हैं कोरोना संक्रमण के मामले, पिछले 24 घंटे में दर्ज हुए 2,541 नए केस

नई दिल्ली । भारत में कोरोना वायरस के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले २४ घंटे में देश में कोरोना के २,५४१ नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर ४,३०,६०,०८६ हो गई। वहीं, एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर १६,५२२ पर पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से ३० और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर ५,२२,२२३ हो गई है। वहीं, देश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर १६,५२२ पर पहुंच गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है।



पिछले २४ घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में ६४६ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ९८.७५ प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर ०.८४ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.५४ प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल ४,२५,२१,३४१ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–१९ से मृत्यु दर १.२१ प्रतिशत है।

वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१९ रोधी टीकों की १८७.७१ करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २९ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ९० लाख के पार चले गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल २६ जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अंतहीन कलह की शिकार कांग्रेस

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस जिस तरह अंतहीन कलह की शिकार है, उस तरह की स्थिति में वह कुछ अच्छा कर सकती है या सोच सकती है यह संभव नहीं है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसके पास एक अनुकूल मौका था जब वह आसानी से सत्ता में आ सकती थी लेकिन प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने अपनी गलतियों के कारण उसे गवां दिया है। इन नेताओं ने 2017 की चुनावी हार और उससे पूर्व 2016 में हुए बड़े कांग्रेसी विभाजन से अगर थोड़ा भी सबक लिया होता तो आज उसकी यह दुर्दशा नहीं होती। पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता कहे जाने वाले हरीश रावत को चुनाव से सालों पूर्व ही स्वयं को सीएम का चेहरा घोषित कराने की कोशिशों से क्या हासिल हो सका? क्या उनकी इन कोशिशों ने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया? रामनगर से अपना टिकट करा कर तथा रंजीत सिंह का टिकट कटवा कर उन्हें या कांग्रेस को उन्होंने कितना फायदा पहुंचाया? रणजीत सिंह तो चुनाव हार ही गए वह खुद भी क्या चुनाव जीत सके? आज हालात यह है कि उनकी पार्टी के लोग उन पर टिकट बेचने का आरोप लगा रहे हैं और इस हार के लिए उन्हें ही जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। लगातार दो विधानसभा चुनाव में जिस तरह की हार कांग्रेस की हुई है वह दोनों ही चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़े गए। हास्यापद बात यह है कि वह अभी भी एक और चुनाव लड़ने का इरादा जता रहे हैं। चुनावी हार के बाद भी पार्टी के अंदर की उठापटक इस कदर चरम पर है कि जिन नए नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष और नेता विपक्ष की जिम्मेवारी दी गई है क्या वह ऐसे माहौल में कांग्रेस को एक सूत्र में बांधे रख पाएंगे? चुनाव जीतना या फिर कुछ कर गुजरना तो बहुत दूर की बात है। सीएम धामी के चंपावत से उप चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद भले ही यह नेता पूरे दमखम के साथ चुनाव में जाने की बात कर रहे हो लेकिन बीते दो-तीन दिनों से जिस तरह की खबरें आ रही है वह यह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेसी खुद ही अपना और कांग्रेस पार्टी का बंटाधार करने में जुटे हुए हैं। दो दिन पूर्व यह खबर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में थी कि कोई कांग्रेस का बड़ा नेता भाजपा में जाने वाला है इस खबर को भाजपा ने नहीं कांग्रेसियों ने ही हवा दी बीते कल सोशल मीडिया पर प्रीतम सिंह के इस्तीफा देने की खबर आ गई। जिस पर अब प्रीतम सिंह मुकदमा करने की बात कह रहे हैं। इससे पूर्व स्वयं को नेता विपक्ष न बनाए जाने व अपनी उपेक्षा का आरोप लगाकर हरीश धामी कांग्रेस छोड़ने की धमकी देते दिख रहे थे। ऐसे में यह कांग्रेसी सीएम के खिलाफ या भाजपा के खिलाफ क्या चुनाव लड़ेंगे सहज समझा जा सकता है। करन माहरा अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं लेकिन क्या वह अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ कुछ कर भी सकते हैं? यह संभव नहीं है वह खुद प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बने रहें यही काफी है। इन हालातों में अगर कांग्रेसी अच्छे दिनों के सपने देख रहे है तो वह दिन में सपने देखने जैसा ही है क्योंकि कांग्रेस का अंर्तकलह ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा है।

# सीमा पर रहने वाले नागरिक भी प्रहरी का दायित्व निभाते हैं: सीएम

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सीमा पर रहने वाले देश के नागरिक भी सुरक्षाबलों के समान ही एक प्रहरी के रूप में अपना दायित्व निभाते हैं।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीनगर में केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल का दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान नव प्रशिक्षुओं का दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। मख्यमंत्री ने सलामी के उपरांत पासिंग आउट परेड का निरीक्षण भी किया। आयोजित परेड में 278 प्रशिक्षण प्राप्त जवानों द्वारा मुख्य अतिथि के सम्मुख शपथ ग्रहण किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त जवान भारतीय सीमा सशस्त्र बल का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि तन,मन व धन से देश की रक्षा करें। सीमा पर रहने वाले देश के नागरिक भी सुरक्षाबलों के समान ही एक प्रहरी के रूप में अपना दायित्व निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन शहीदों को नमन करता हूं जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। कहा कि सरहद पर खड़े जवानों के कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। भारतीय सीमा सुरक्षा बल हर विपत्ति में नागरिकों का साथ देता है। उन्होंने कहा कि अर्ध सैनिक बलों का जो इतिहास रहा है उस को आगे बढ़ाने का काम यह प्रशिक्षित जवान करेंगे तथा क्षेत्र में जाकर भारत के मान सम्मान बनाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे गर्व है कि एसएसबी जवान सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ अनेकों दायित्वों का निर्वहन तत्परता से करते हैं। कहा कि एसएसबी जवानों द्वारा कोरोना काल तथा चुनाव के समय में शांतिपूर्ण तरीके से कार्य किया। सशस्त्र सीमा बल के दीक्षांत समारोह में ओवरऑल बेस्ट प्रशिक्षु पुरस्कार सचिन सैनी तथा आंतरिक प्रशिक्षण का पुरस्कार शुभम तिवारी को दिया गया। देश रक्षा के लिए आज 278 जवान शामिल हुए। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ० धन सिंह रावत, जिलाधिकारी डॉ० विजय कुमार जोगदण्डे, एसएसपी यशवंत सिंह चौहान, एसएसबी महानिरीक्षक रतन संजय, उप महानिरीक्षक सृष्टि राज गुप्ता सहित सैन्य अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## अल्ट्रासाउंड की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे मर्तोलिया

नगर संवाददाता

पिथौरागढ़। नियत तिथि को आज मुनस्यारी विकास खंड से अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंची गर्भवती महिलाओं की व्यवस्थाओं को देखने के लिए जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने जिला महिला चिकित्सालय का मौका मुआयना किया गया। आज मुनस्यारी की 11 गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया है।

मुनस्यारी विकासखंड से 135 किलोमीटर की दूरी तय कर अल्ट्रासाउंड के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को जिला महिला चिकित्सालय पिथौरागढ़ में अत्यधिक भीड़ होने के कारण १ दिन रुकना पड़ता था या प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर में जाना पड़ता था। इस समस्या से समाधान दिलाने के लिए जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र देकर जिले के आठ विकास खंडों के लिए अलग- अलग दिन अल्ट्रासाउंड करने के लिए तय करने की मांग की।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वाईएस ह्यांकी ने जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर विकासखंड मुनस्यारी से आने वाली गर्भवती महिलाओं को सोमवार की तिथि के दिन प्राथमिकता के आधार पर अल्ट्रासाउंड कराने का निर्देश दिया था। इस क्रम में आज जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने जिला महिला चिकित्सालय आज पहुंच कर क्षेत्र से आई महिलाओं से बात भी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सप्ताह भर का अल्ट्रासाउंड शेड्यूल बनाए जाने के बाद इस पत्र की एक प्रति अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर चस्पा भी कर दी गई है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ राम बाबू लोधा ने बताया कि की मुख्य चिकित्सा अधिकारी की निर्देश के क्रम में सप्ताह के प्रत्येक दिवस नियत विकासखंड से आने वाली गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर अल्ट्रासाउंड करने का अवसर दिया जा रहा है। आज मुनस्यारी से पहुंची ११ महिलाओं ने अल्ट्रासाउंड किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ने चिकित्सा कर्मियों से कहा कि क्षेत्र से आने वाली गर्भवती महिलाओं को उनकी नियत तिथि के आधार पर अल्ट्रासाउंड करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

## हिमालय सी विराट सोच थी स्व. हेमवंती नन्दन बहुगुणा कीः जोशी

नगर संवाददाता

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा के जन्म दिवस पर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा की सोच हिमालय सी विराट थी। उनका पहाड़ के प्रति काफी लगाव था, उन्होंने अपने शासनकाल में पर्वतीय विकास मंत्रालय की स्थापना की जिससे पर्वतीय इलाकों का विकास हो सके उन्होंने पहाड़ के विकास की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान देकर सर्वांगीण विकास को धरातल पर उतारा। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात के साधन उपलब्ध करवाए जिससे यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं दी गयी । उन्होंने जीवनभर कभी अपने सिद्धांतों से समझोता नही किया वो कहते थे हिमालय टूट सकता है मगर झुक नही सकता। आज उनके जन्म दिवस पर हम उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

उदु श्रिय उषसो रोचमाना अस्थुरपां नोर्मयो रुशन्तः ।'
'कृणोति विश्वा सुपथा सुगान्यभूद्
वस्वी दक्षिणा मघोनीध'

(ऋग्वेद ६-६४-१)

श्वेत दीप्त उषा की लहरें समुद्र जल तरंगों की तरह सौंदर्यपूर्ण होती है। ये सभी का मन मोह लेती हैं। उषा की तरंगे हमारे मार्गों को सुगम करती है। उषा (प्रातःकाल) हमें ऐश्वर्य और उत्तम स्वास्थ्य देती है।

The white, bright waves of dawn are as beautiful as the waves of the sea. They captivate everyone's minds. The waves of dawn make our paths easy. Dawn gives us opulence and good health.

(Rig Veda 6-64-1)

## स्व. एच.एन. बहुगुणा एक कुशल प्रशासक थेः सीएम

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय पुत्र को याद करते हुए कहा कि बहुगुणा एक कुशल प्रशासक के साथ ही एक प्रखर राजनेता थे।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घंटाघर, देहरादून में स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. बहुगुणा कुशल प्रशासक, औजस्वी वक्ता और प्रखर राजनेता थे। उन्होंने अपनी विलक्षण बौद्धिक प्रतिभा के बल पर भारतीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा केन्द्र में मंत्री रहते हुए अनेक योजनाएं शुरू करवायी तथा प्रदेश हित के लिए कई कदम उठाये। वह पर्वतीय राज्यों के विकास के लिये सदैव तत्पर रहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमवती नन्दन बहुगुणा हिमालय पुत्र थे और हिमालय जैसे उनके इरादे थे। उनके द्वारा किए गए कार्य हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, मेयर सुनील उनियाल गामा मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में भी स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

## गंगा से प्राप्त पत्थरों को शिव रूप प्रदान कर शिव भक्तों को सौंपा

नगर संवाददाता

देहरादून। हनुमंत सेवा समिति के तत्वाधान में देवीय आस्था को मजबूत करने के लिए लोगों द्वारा दिए गए मां गंगा से प्राप्त पत्थरो को सुन्दर शिव रूप प्रदान कर शिव भक्तों को सौंपा गया।

कुछ दिवस पूर्व मंदिर में कुछ लोगों के द्वारा शिवलिंग आकार के कुछ पत्थर भेंट किए गए थे । हनुमत सेवा समिति के संरक्षक पंडित उदय शंकर भट्ट ने समिति के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मां गंगा से प्राप्त पत्थरों को मंदिर में देने और उनके पवित्र भाव को ध्यान में रखते हुए पत्थरों को एक आकार देने का विषय सुझाव के रूप में रखा गया और उसमें समिति की कार्यकारिणी की सदस्य शोभा वर्मा के द्वारा शिवलिंग को महाकाल का दिव्य रूप देते हुए पत्थरों को तैयार किया गया।

जिस कड़ी में आज प्राचीन हनुमान मंदिर घंटाघर हनुमत सेवा समिति के नेतृत्व में विंडलास शापिंग कंपलेक्स में 95 वर्षीय शिवभक्त बाबूराम क्षेत्री से प्राप्त पत्थर को भगवान शिव का महाकाल रूप में तैयार कर दिया गया मौके पर समिति कार्यकारिणी अध्यक्ष संदीप वाधवा, मंत्री मनोज जुनेजा, उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, बजरंग दल प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख विकास वर्मा सह मंत्री मनोज तोमर कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, व अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। समिति के द्वारा कहा गया इस मुहिम को आगे तक चलाएंगे अन्य जिस किसी के पास भी इस प्रकार के पाषाण हो वह प्राचीन हनुमान मंदिर में दें और उन्हें स्वरूप के माध्यम से तैयार कर दिए जाएंगे जिससे लोगों की ईश्वरी आस्था में वृद्धि हो और वह सनातन के मूल सिद्धांतों से जुड़े।



# निरंकारी भवन में हुआ 601 यूनिट रक्तदान




नगर संवाददाता

देहरादून। मानव एकता दिवस के अवसर पर हरिद्वार बाईपास रोड़ स्थित संत निरंकारी भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और चंदन रामदास ने किया। इस रक्तदान शिविर में रक्तदाता भारी संख्या में सम्मिलित हुए। इस रक्तदान शिविर में महन्त इन्देश हॉस्पिटल से अमित चन्द्रा, मोहित चावला, डॉ. त्रिशिला, डॉ. हनी नेगी, डॉ. अंकित, डॉ. राजेश कुकरेती, डॉ. विकास, डॉ. विपिन तथा कोडिनेटर पी. आर.ओ. तथा राजकीय चिकित्सालय दून हास्पिटल से डॉ. नितेश, अनीता सकलानी (काउन्सिलर), डॉ. आयुष, डॉ. अन्सूल, डॉ. अंजलि सिंह, डॉ. यमकी माटे आदि ने अपनी सेवायें दी। इस रक्तदान शिविर में देहरादून, प्रेमनगर, विकासनगर, डोईवाला, बालावाला, ऋषिकेश के सन्तो भक्तो ने अपना पूर्ण योगदान दिया। रक्तदान के लिए संगत का अच्छा खासा उत्साह देखा गया। रक्तदान शिविर में कुल 601 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने यह जानकारी दी कि आज सतगुरू माता सुदीक्षा सविन्दर हरदेव सिंह जी महाराज के आर्शीवादों से सन्त निरंकारी चौरिटेबिल फाउन्डेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर देहरादून के अलावा, जिला उत्तरकाशी, पौड़ी, टिहरी, ज्वालापुर (हरिद्वार) में भी लगाये गये। हरभजन सिंह ने यह भी बताया कि सन्त निरंकारी मिशन द्वारा सन् 1986 से 2021 तक 6991 कैम्प लगाकर कुल 11,58,760 यूनिट रक्त डोनेट कर चुका है। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में स्थानीय ब्रांच संयोजक नरेश विरमानी, संचालक मंजीत सिंह, क्षेत्रीय संचालक दिलवर सिंह पंवार एवं सेवादल के समस्त भाई-बहनों ने समस्त सेवाओं को सुन्दर रूप प्रदान किया।

# भारत के महानतम सपूतों में से एक थे 'गढ़वाली': प्रताप

कार्यालय संवाददाात

देहरादून। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली भारत के महानतम सपूतों में से एक थे। जीवन के अंतिम दिनों में स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा जी ने उनकी अस्वस्थता को देखते हुए उन्हें तत्कालीन विलिंगडन हॉस्पिटल जो आज राम मनोहर लोहिया अस्पताल के नाम से जाना जाता है में भर्ती कराया। मैं श्रद्धा के कारण अक्सर उन्हें देखने जाता था। यह सोच कर कि मैं कितना सौभाग्यशाली हूं इतने ऊंचे कद के महान स्वाधीनता सेनानी और योद्धा को देखने का अवसर मिल रहा है। कुछ समय बाद वह गुजर गए। उनका व्यक्तित्व जबरदस्त था। बाद में उनके १ पुत्र आनंद सिंह से मेरी मित्रता हो गई और लंबे समय तक उनसे संवाद बना रहा वह भी अपने पिता की तरह बहुत ही बहादुर और भले थे आज ऐसे लोग मिलना मुश्किल है मुझे अफसोस है वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की कांग्रेस द्वारा उपेक्षा की गई और उन्हें गढ़वाल से लोकसभा के टिकट के लिए सुपात्र नहीं माना गया मैं समझता हूं यही दुख आज मैं भी झेल रहा हूं।



कांग्रेस लगातार कमजोर हुई है उसका कारण यही है उसमें सुपात्र को स्थान मिलने के बजाय अपात्र को और उससे भी ज्यादा कूपात्र को सम्मान मिला है मुझे लगता है नेतृत्व को इस पर विचार करना चाहिए और देश काल और परिस्थिति में त्याग करने वाले लोगों को उचित सम्मान मिलना चाहिए यही श्रद्धांजलि स्वर्गीय वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के लिए उचित श्रद्धांजलि होगी।



देहरादून (कास)। पोलैंड से पधारे यात्रियों ने माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में यूक्रेन में युद्ध विराम और शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# विद्यार्थियों के साथ मर्तोलिया ने किया संवाद



विशेष संवाददाता

धारचूला। ज्ञानकोष कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों के साथ जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने संवाद स्थापित किया। कहा कि हमें सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनना चाहिए। कैरियर गाइडेंस पर बातचीत करते हुए विद्यार्थियों ने धारचूला क्षेत्र में हो रहे सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन पर खुलकर बात की।

इस मौके पर युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए सरकारी प्रयास किए जाने पर भी बल दिया गया। ज्ञानकोष कोचिंग सेंटर के संचालक पंकज बिष्ट ने बताया कि धारचूला जैसे दुरस्त स्थान में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को कोचिंग सुविधा दिए जाने का बीड़ा उठाया गया है। इस सेंटर में फिजिकल शिक्षा पर भी फोकस किया गया है। विद्यार्थियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करते हुए जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि आज समाज को एक अच्छे नागरिक की आवश्यकता है। इसके लिए विद्यार्थियों को अनुशासित होकर एक समय सारणी बनाकर अपने जीवन को नियमों से बांध कर रखना होगा, तभी विद्यार्थी जीवन के हर पहलू में सफल हो सकता है।

उन्होंने कहा कि आज धारचूला जैसे विषम परिस्थितियों वाले सीमांत क्षेत्र में कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करा कर यहां के युवाओं ने एक नई मुहिम शुरू की है। कहा कि हमारा प्रयास होगा कि आने वाले समय में धारचूला के भीतर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में लगे युवाओं को एक बेहतर मंच मिल सके। समय-समय पर अपने जीवन के सफल लोगों को युवाओं के बीच लाकर उनकी दिशा एवं प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नए हुनर सीखने की कला को विकसित किया जाएगा। इस मौके पर इन विद्यार्थियों ने एक-एक करके प्रश्नों की झड़ी लगा दी। विद्यार्थियों ने इस बात को जोरदार ढंग से उठाया की अगर समाज आगे आता है तो जरूरतमंद परिवारों के विद्यार्थियों को भी अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सकती है।

इस अवसर पर कोचिंग संस्थान की फिजिकल शिक्षक अभिषेक रौतेला ने सेंटर द्वारा किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी। जिससे युवाओं का चहुंमुखी विकास हो रहा है।


# जनता-कर्मचारियों की समस्या सुनें थाना प्रभारीः एसपी

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। एसपी लोकेश्वर सिंह ने थाना प्रभारियों को जनता के साथ–साथ अधीनस्थ पुलिस कर्मियों की भी समस्याएं सुनने और कार्रवाई करने को कहा। वहीं, रात १० बजे बाद लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस लाइन में एसपी सिंह की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी हुई। उन्होंने थाना प्रभारियों को नियुक्त अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ प्रत्येक माह बैठक कर कार्यों की समीक्षा, व्यक्तिगत व पारिवारिक समस्याएं सुनने के बाद समाधान निकालने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, फड़–फेरी, ठेले लगाने वाले, किराएदारों का शत–प्रतिशत सत्यापन करने को कहा।

इधर, एसपी ने साइबर सैल प्रभारी एसआई प्रियंका इजराल, एसओजी के अशोक बुधियाल और साइबर सेल के मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। यहां अपर पुलिस अधीक्षक दूरसंचार बीबी तिवारी, सीओ पिथौरागढ़ महेश चंद्र जोशी, सीओ धारचूला विनोद कुमार थापा, सीओ ऑप्स सुमित पांडे, एलआईयू निरीक्षक रोहित जोशी, प्रतिसार निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या, यातायात निरीक्षक प्रताप सिंह नेगी, पिथौरागढ़ कोतवाल महेश चंद्र पांडे आदि रहे ।



# श्रद्धा पूर्वक मनाया गुरु तेग बहादुर जी का 400 वां प्रकाश पुरब




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी का ४०० वां एवं साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी का ४५६ वां पावन प्रकाश पुरब श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक कथा–कीर्तन के रूप में गुरमत समागम के रूप में मनाये गये।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रातरू नितनेम के पश्चात हजूरी रागी भाई सतवंत सिंह जी ने आसा दी वार का शब्द सा धरती भई हरयावली जित्थे मेरा सतगुर बैठा आये का गायन कर संगत को निहाल किया।

हैड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह जी ने गुर इतिहास सुनाते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के अंदर छोटी उम्र से ही दया का गुण बिराजमान था आप जी किसी की गरीबी को देखकर अपने पहने हुए वस्त्र तक उतार कर पहना देते थे आपजी ने १४ वर्ष की उम्र में ही करतार पुर की जंग में अपनी तेग के करतब दिखा कर जंग जीत ली, जुल्म करना एवं सहन करना गुरु जी ने गलत बताया।

उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी शांति के प्रतीक हैं हमेशा गुरु जी के आदेशों का पालन किया, आप जी ने ३० रागों में बाणी का उच्चारण किया एवं आद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी कि पावन बीड को भाई गुरदास जी के करकमलों द्वारा तैयार करवाया एवं हरमन्दिर साहिब में पहली दफा प्रकाश किया तथा बाबा बुढ़ा साहिब जी को पहले हैड ग्रंथी होने का सम्मान दिया।

भाई चरणजीत सिंह जी ने शब्द धन सो वंश धन सो पिता धन सो माता जिन जन जने, भाई गुरदियाल सिंह जी ने शब्द गुरु तेग बहादर सिमरिये घर नॉऊ निध आवे धाये एवं पटना साहिब से पधारे भाई सरबजीत सिंह ने शब्द सिमरो सिमर, सिमर सुख पावो सास सास समाले ९ का गायन कर संगत को निहाल किया।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा,समाज सेवी विशाल गुप्ता, नेहा जोशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, पार्षद देविंदर पाल सिंह मोंटी, गुरप्रीत सिंह छाबड़ा आदि को स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढकर सम्मानित किया। मंच का संचालन सेवा सिंह मठारु ने किया। इस अवसर पर प्रधान गुरबक्श सिंह राजन, जनरल सेक्रेटरी गुलज़ार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी, सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह, सतनाम सिंह, दविंदर सिंह भसीन, राजिंदर सिंह राजा, दलजीत सिंह देवेंदर सिंह सहदेव, इंदरजीत सिंह, गगनदीप सिंह दुग्गल, दलबीर सिंह कलेर आदि उपस्थित थे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला




हमारे संवाददाता

देहरादून। पीसीसी के आह्वान पर कोग्रेसियों ने महंगाई के विरोध में जमकर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव टीटू त्यागी ने कहा महंगाई अपने चरम पर है और सरकार अपने कानो में रुई डालकर बैठी है। उन्होने बताया कि सरकार को चेताने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला में सरकार के पुतला दहन किया गया है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश सचिव टीटू त्यागी के साथ अजबपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय गुप्ता,पूर्व राज्यमंत्री टीकाराम पांडे,वार्ड अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट,अनिल रस्तोगी,शशिबाला कनोजिया,महेश जोशी,मतीन खान,टीटू अरोड़ा,आसिफ आदि मौजूद थे।

# गर्मियों में आपके पास जरूर होने चाहिए ये स्किन केयर प्रोडक्ट्स



अब मौसम गर्मी का है और ऐसे में आपके स्किन केयर रूटीन में इस तरह के प्रोडक्ट्स के प्रोडक्ट्स होने चाहिए, जो त्वचा हाइड्रेट रखने के साथ ही आरामदायक महसूस करवाएं। दरअसल, गर्मी के दौरान पसीना आने के कारण सारा मेकअप खराब हो जाता है, इसलिए आप गर्मियों में ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जो आपको बिना मेकअप के खूबसूरत बनाएं। आइए जानते हैं कि गर्मियों में किन स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना लाभदायक है।

सनस्क्रीन

जब भी आप घर से किसी काम के लिए निकलने वाले हो तो उससे पहले अपने चेहरे और अपने शरीर के अन्य दिखाई देने वाली त्वचा पर सनस्क्रीन की एक मोटी लेयर जरूर लगाएं। सनस्क्रीन आपको सूरज की हानिकारक ङ्क किरणों से बचाती है और सनबर्न, हाइपरपिग्मेंटेशन और समय से पहले उभरते बढ़ती उम्र के प्रभाव को दूर करने में मदद करती है। इसके लिए सनस्क्रीन का ऐसा फॉर्मूला चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुकूल हो।

फेस मिस्ट

गर्मियों के दौरान फेस मिस्ट का एक छिड़काव आपकी त्वचा को तरोताजा करने और इसे बाहरी अशुद्धियों से सुरक्षित रखने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह आपके मेकअप को स्मूथ और नेचुरल लुक देने में सहायक है। इसलिए हमेशा अपने बैग में एक फेस मिस्ट जरूर रखें। आप चाहें तो मार्केट से खरीदने की बजाय घर पर खुद भी फेस मिस्ट बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

फेसवॉश

गर्मी के प्रभाव से त्वचा को बचाने के लिए सबसे पहले अपने सर्दियों के फेसवॉश को हाइड्रेटिंग फेसवॉश से स्विच करें, जो रूखी और बेजान त्वचा के लिए सही है। इतना ही नहीं, अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार ही फेसवॉश खरीदना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही त्वचा को साफ और तरोताजा रखने के लिए दिन में कम से कम दो बार धोएं और नियमित रूप से टोनर का इस्तेमाल करें, क्योंकि इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहेगी

ब्लोटिंग शीट

कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी त्वचा का प्रकार क्या है, बस हमेशा अपने बैग में ब्लोटिंग पेपर का एक पैकेट रखें। दरअसल, ब्लोटिंग पेपर चेहरे के अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को नियंत्रित करने के साथ ही इसे तरोताजा महसूस करवाने में मदद कर सकता है। इसलिए जब भी आप अपने चेहरे पर तेल या पसीना महसूस करें तो कॉम्पेक्ट पाउडर लगाने की बजाय अपने चेहरे को ब्लोटिंग पेपर से पोंछे। (आरएनएस)

# पूजा हेगड़े एफ3 में स्पेशल गाने में आ सकती है नजर

पूजा हेगड़े इस समय सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। अला वैकुंठपुरमुलु स्टार आगामी एफ3 में एक विशेष गीत में नजर आ सकती हैं। पूजा हेगड़े की एफ3 में एक विशेष नंबर पर प्रदर्शन करने के लिए बातचीत चल रही है। जिन निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया है, वे जल्द ही एक घोषणा कर सकते हैं।

फिलहाल, तेलुगु प्रशंसक पूजा हेगड़े के उस विशेष गीत के लिए अत्यधिक उत्सुक हैं जो वह एफ 3 में कर सकती है।

एफ3 अनिल रविपुडी के निर्देशन में बनी पहली फिल्म एफ2 का अनुवर्ती है, जिसमें वेंकटेश दग्गुबाती, वरुण तेज, तमन्ना भाटिया और मेहरीन ने अभिनय किया था।

पूजा हेगड़े को निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ उनकी आगामी फिल्म में महेश बाबू के साथ महिला प्रधान के रूप में भी लिया गया है।

भले ही पूजा की पिछली फिल्म राधे श्याम को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली, लेकिन इसमें उनके अभिनय और अंदाज की काफी तारीफ हुई। शायद यही वजह है कि पूजा आजकल काफी डिमांड में हैं।

कभी ईद कभी दिवाली में साउथ स्टार वेंकटेश और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। फिल्म में 56 वर्षीय सलमान पहली बार 31 वर्षीया अभिनेत्री पूजा के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी काफी हद तक सलमान के परिवार से प्रेरित लगती है। इसमें एक ऐसे परिवार की कहानी होगी, जिसमें ईद और दिवाली दोनों त्योहार मनाए जाते हैं। फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज हो सकती है।

तमिल फिल्म बीस्ट में पूजा साउथ के सुपरस्टार थलपति विजय के साथ नजर आएंगी। पूजा साउथ के मेगास्टार चिरंजीवी और उनके बेटे राम चरण की तेलुगु फिल्म आचार्य का हिस्सा हैं। वह हिंदी फिल्म सर्कस में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी।

## शब्द सामर्थ्य -106

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# स्पीकिंग क्यूब ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य परामर्श का 3 दिवसीय ऑनलाइन सम्मेलन संपन्न

देहरादून (कासं)। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे के सहयोग से स्पीकिंग क्यूब ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य परामर्श द्वारा आयोजित एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए माइंडफुल कॉन्फ्रेंस पर ३ दिवसीय वर्चुअल सम्मेलन (२२ से २४ अप्रैल २०२२) का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत श्रीमती मीतू शारदा स्पीकिंग क्यूब की विशेषज्ञ ने की और आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के विजिटिंग फैकल्टी लामा शांता नेगी ने प्रार्थना की।

डॉ. दीपिका चमोली शाही, स्पीकिंग क्यूब मानसिक स्वास्थ्य परामर्श की संस्थापक और निदेशक ने संगठन के उद्देश्यों का परिचय दिया और सम्मेलन के बारे में विस्तार से चर्चा की। सत्र की अध्यक्षता प्रो. डॉ रीता कुमार एडवाइजर स्पीकिंग क्यूब और सीनियर प्रोफेसर डिपार्टमेंट। मनोविज्ञान एआईपीएस के, एमिटी नोएडा ने सकारात्मक मनोविज्ञान पर अपने विचार साझा किए और यह कैसे अच्छे मानसिक स्वास्थ्य और आंतरिक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में मदद करता है।




सत्र के दूसरे दिन मनोविज्ञान के छात्रों और पेशेवरों के लिए कार्यशाला का दिन था। डॉ. रीता कुमार, एडवाइजर स्पीकिंग क्यूब ने आंतरिक पारिस्थितिकी तंत्र को कैसे बनाए रखा जाए, इस पर १ घंटे की कार्यशाला का आयोजन किया। मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक के बीच एक पैनल चर्चा हुई कि मानसिक रूप से बीमार मामलों से निपटने के दौरान चिकित्सा पद्धतियों के दौरान कैसे ध्यान रखा जाए। पैनलिस्ट में डॉ. निधि वर्मा, मनोवैज्ञानिक, डॉ. अनुज खंडेलवाल, कोटा के मनोचिकित्सक, डॉ. राज किरण डोंथू, मनोचिकित्सक, कोनसीम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज थे।

सत्र के तीसरे दिन डॉ. दीपिका चमोली शाही, संस्थापक और निदेशक सीकिंगक्यूब ने वैदिक प्रथाओं में दिमागी चेतना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। उद्यमियों की पैनल चर्चा के लिए मंच को पैनल चर्चा के सत्र अध्यक्ष डॉ. आभा सिंह, निदेशक भावनात्मक बुद्धिमत्ता आईआईएलएम विश्वविद्यालय, दिल्ली को सौंपा गया। पैनलिस्ट में मेजर (आरटीडी) सुरिंदर सिंह, सीओओ टेनॉन ग्रुप, प्रो डॉ. उमा शंकर सिंह, एडजंक्ट प्रोफेसर (हैबिलिटेशन फेलो), यूनिवर्सिटी ऑफ स्ज़ेसीन पोलैंड और श्री सचिन गोयल, पूर्व एमडी, सीईओ, वेस्टिंगहाउस, एलजी इलेक्ट्रॉनिक, डेल थे।

टैक्स परामर्श के सीए विनय गुप्ता ने प्रतिभागियों को बताया कि कैसे माइंडफुलनेस स्टार्टअप्स को बढ़ाने में मदद करती है।

डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, पद्म श्री और पद्म भूषण, संस्थापक हेस्को, समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में सभा को सीधे संबोधित नहीं कर सके, लेकिन एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में माइंडफुलनेस के महत्व की सराहना करते हुए अपना वीडियो साझा किया।

# महिला से छेड़छाड़ व अभद्रता करने वाला मनचला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। महिला से छेड़छाड़ व अभद्रता करने के आरोप में पुलिस ने एक मनचले को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी मुकदमा कायम होने के बाद नेपाल भागने की फिराक में था। जानकारी के अनुसार बीती 23 अप्रैल को झूलाघाट निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली पिथौरागढ़ में तहरीर देकर संजय राम पुत्र केशर राम निवासी ग्राम दोबाँस, थाना झूलाघाट जिला पिथौरागढ के खिलाफ छेड़छाड़ व अभद्रता करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी गयी। जांच में मामला सही पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी सुरेश प्रसाद उर्फ संजय राम पुत्र केशर राम को दोबाँस से गिरफ्तार कर लिया गया।



जो कि मुकदमा कायम होने के बाद नेपाल भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का व्यक्ति है जिस पर पहले भी थाना झूलाघाट में दो मुकदमें पंजीकृत है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# 'जर्सी' में काम कर बेहद खुश हैं मृणाल ठाकुर



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर फिल्म जर्सी में शाहिद कपूर के साथ काम कर बेहद खुश है। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जर्सी के प्रमोशन में व्यस्त है। इसमें उनके अपोजिट शाहिद कपूर हैं, जिनकी बचपन से मृणाल फैन रही हैं।

उन्होंने बताया फिल्म जर्सी में शाहिद के साथ काम करना बहुत ही मुश्किल था। शाहिद हों, जॉन अब्राहम हों या फिर ऋतिक रोशन हों, इन सबके पोस्टर और फोटो के कटआउट हमारे बुक में हुआ करते थे, जब हम पढ़ाई करते थे। अब इनके साथ काम करने का मौका मिल रहा है, तब बहुत ज्यादा खुश हूं। अब स्टोरी इतनी अच्छी हो और साथ में इतने उम्दा स्टार के साथ काम करने का मौका मिले, तब इसे सोने पर सुहागा समझती हूं। सेट पर शाहिद के साथ बहुत बड़ी बातें होती थीं, जिसे हमेशा याद रखना चाहूंगी।

मैं शाहिद को बहुत ज्यादा रिस्पेक्ट इसलिए करती हूं, क्योंकि जिस तरह से वे अपनी फैमिली को प्यार करते हैं, जिस तरह से उनकी लव स्टोरी मीरा के साथ है या फिर उनके बच्चों की स्टोरी हो, इन सबको लेकर शाहिद बहुत ही जुनुनी इंसान हैं।

गौतम तिन्ननुरी के निर्देशित फिल्म जर्सी में शाहिद कपूर दो अलग-अलग लुक में नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एक असफल क्रिकेटर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद के साथ अपने तीन दशक के बाद क्रिकेट में वापसी करने का फैसला लेता है और अपने बेटे की इच्छा को पूरा करने के लिए उसको जर्सी गिफ्ट करता है। फिल्म 'जर्सी' फिल्म इसी नाम की तमिल स्पोर्टस ड्रामा फिल्म का रीमेक है।शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी 22 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

# लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के बाद रणबीर अभिनीत फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे आमिर

अभिनेता आमिर खान लाल सिंह चड्ढा को लेकर दर्शकों की जुबां पर हैं। फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ी हुई है, क्योंकि काफी समय बाद इसके जरिए आमिर बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। अब खबर है कि वह लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के बाद रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। बता दें कि आमिर खुद इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, आमिर ने रणबीर अभिनीत फिल्म के प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। एक सूत्र ने बताया, इस अनटाइटल फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा और इसमें दर्शकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश होगा। इसलिए आमिर ने पहले ही ङ्कस्नङ्ग, संभावित लोकेशंस, लुक और अन्य चीजों के बारे में विचार करना शुरू कर दिया है, जबकि अभी फाइनल स्क्रिप्ट को तैयार किया जा रहा है।

सूत्र ने बताया कि आमिर अद्वैत चंदन की लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के तुरंत बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने का मन बना रहे हैं। उम्मीद है कि मई तक लाल सिंह चड्ढा की शूटिंग पूरी हो जाएगी। फिल्म में उनके साथ करीना कपूर भी दिखने वाली है। फिलहाल आमिर अपनी अनटाइटल फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर गौर फरमा रहे हैं। कहा जा रहा है कि रणबीर और आमिर दोनों इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं।

लाल सिंह चड्ढा अभिनेता आमिर के प्रोडक्शन हाउस आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही है। इससे पहले आमिर खान प्रोडक्शंस ने लगान, तारे जमीन पर और दंगल जैसी सुपरहिट फिल्में बनाई हैं।

आमिर और रणबीर पहली बार एक साथ फिल्म पीके में नजर आए थे। इस फिल्म में रणबीर का कैमियो था। फिल्म 2014 में दर्शकों के बीच आई थी। अब एक बार फिर दर्शकों के लिए दोनों को साथ देखना किसी तोहफे से कम नहीं होगा। रिपोर्ट की मानें तो आमिर और रणबीर दोनों को अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई थी। फिलहाल फिल्म के फीमेल लीड कलाकारों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। आमिर को आखिरी बार फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में लीड रोल में देखा गया था। अंदाज अपना अपना 2 के साथ भी इस अभिनेता का नाम जुड़ चुका है। स्पेनिश फिल्म चैम्पियंस की हिन्दी रीमेक में आमिर नजर आएंगे। रणबीर अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में हैं। वह करण मल्होत्रा की शमशेरा में दिखेंगे। विक्की कौशल अभिनीत मिस्टर लेले के एक खास गाने में भी रणबीर नजर आएंगे। (आरएनएस)

# साउथ फिल्म की हिन्दी रीमेक के लिए हाथ मिलाएंगे एटली और वरुण धवन

बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के कलाकार एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वर्तमान में कई साउथ फिल्मों की हिन्दी रीमेक भी बन रही हैं। अब सुनने में आ रहा है कि साउथ के दिग्गज निर्देशक एटली एक फिल्म के लिए वरुण धवन के साथ हाथ मिलाएंगे। खबरों की मानें तो एटली अपनी फिल्म थेरी की हिन्दी रीमेक के लिए वरुण को कास्ट करेंगे। यह तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो 2016 में रिलीज हुई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, वरुण साउथ निर्देशक एटली की तमिल फिल्म थेरी की हिन्दी रीमेक में नजर आ सकते हैं। वरुण फिल्म को लेकर एटली से बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, वरुण एटली से मिल चुके हैं और वे जल्द ही एक साउथ फिल्म की हिन्दी रीमेक में एक साथ काम करने वाले हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि यह फिल्म विजय और सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत थेरी हो सकती है।

खबरों की मानें तो मेकर्स ने इस फिल्म के लिए लगभग दो साल पहले वरुण को अप्रोच किया था। अब लगता है कि थेरी की रीमेक के लिए बात बन गई है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म ही हिन्दी रीमेक में और कौन-कौन से कलाकार दिखेंगे, इसको लेकर भी कुछ नहीं बताया गया है। उम्मीद है कि इंडस्ट्री की कोई टॉप हिरोइन फिल्म में वरुण की जोड़ीदार बनेंगी।

एटली शाहरुख खान को साथ लेकर एक फिल्म बना रहे हैं। दोनों पहली बार एक-दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म में एटली ने शाहरुख के साथ साउथ की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा को कास्ट किया है। इसके जरिए एटली पहली बार किसी हिन्दी फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। फिल्म का संगीत एआर रहमान देंगे। एटली ने अल्लू अर्जुन को भी एक फिल्म ऑफर की है, जिसके लिए उन्हें 1०० करोड़ रुपये फीस दी जाएगी।

अपने शानदार निर्देशन के लिए मशहूर एटली मार्सल और बिजिल जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी पहली ही फिल्म राजा रानी के लिए विजय अवॉर्ड अपने नाम कर लिया था। ऐसे में वरुण और एटली की जोड़ी दमदार होगी।

वरुण फिल्म रणभूमि को लेकर चर्चा में हैं। उनका नाम हॉरर कॉमेडी फिल्म भेड़िया से जुड़ा है। इस फिल्म में उनके साथ कृति सैनन नजर आएंगी। फिल्म इक्कीस भी वरुण के खाते से जुड़ी है। नितेश तिवारी की रोमांटिक फिल्म में वरुण कियारा आडवाणी के साथ इश्क फरमाएंगे। सिटाडेल के हिन्दी वर्जन में भी वरुण अपना जौहर दिखाने वाले हैं। यह प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी ड्रामा सीरीज सिटाडेल का देसी संस्करण होगा।( आरएनएस)

# पेशावर कांड के नायक की याद में...!

स्व. वीर चंद्र सिंह गढ़वाली अपनी सैन्य वीरता के लिए भारत में ही नहीं अपितु विश्व के इतिहास में उनका नाम प्रसिद्ध है। उनकी ६२वीं बरसी पर मैं सर्व प्रथम उन्हें अपनी ओर से कोटि कोटि प्रणाम करता हूं। मैं पाठकों को उनके साथ घटी एक घटना का जिक्र करता हूं। मैं सन् १९६०/६१ में उस समय की जूनियर हाई स्कूल, मवाधार, असवालस्यू, पौड़ी गढ़वाल में छठी या सातवीं कक्षा में पढ़ता था। आज वह स्कूल इंटरमीडिएट कालेज है। एक दिन दोपहर के समय एक दुबला, पतला, लंबा बुजर्ग आदमी हैट पहने, पीछे खाकी पीठू लगाए हुए तथा हाथ में काफी लंबी लाठी, जैसे महात्मा गांधी जी के पास होती थी, उक्त स्कूल के प्रांगण में पाटीसैण जैंतोलस्यू से होते हुए नगर गांव से पैदल दोपहर में उक्त स्कूल में आया। शायद छात्रों में से उन्हें कोई नहीं पहचानता था। उस समय स्कूल का हाफ टाइम चल रहा था। अध्यापकगण लंच पर अपनी बिल्डिंग में गए हुए थे। छठी से आठवीं तक की क्लास के बच्चे ऊपर नीचे के प्रांगणों में उछल कूद करके खेल रहे थे। उक्त आदमी प्रांगण के एक किनारे पर खड़े होकर किसी एक विद्यार्थी से शायद हेड मास्टर, अध्यापकों, विद्यालय या किसी चीज के बारे में पूछ रहे थे। लगभग २५/३० बच्चे छोटे प्रांगण में इधर उधर भाग दौड़ करके खेल कूद में मस्त थे। स्कूल की बिल्डिंग और उसका प्रांगण नीचे जो खेत हैं उनसे लगभग ८/१० फीट ऊपर बने हैं, शायद वे आज भी होंगे। वे सज्जन जिन्हें कोई जानता नहीं था, प्रांगण के किनारे पर खड़े थे। खेलते खेलते दौड़ने में किसी लड़के से अनजाने से उन पर धक्का लगा और वे उस ८/१० फीट नीचे खेत में गिर गए। अधिकांश



बच्चे फिर भी खेलने में मस्त थे। कुछ बच्चों ने उन्हें देखा कि वे सज्जन नीचे गिर गए तो बड़ी मुश्किल से उन्हें ऊपर प्रांगण में उसी हालत में लाये और उन्हें वहां पर बिठा दिया। शायद पीठ में पिट्ठू होने से उन्हें पीठ पर चोट अवश्य आई होगी। जब उन्होंने अपने को कुछ ठीक समझा तो वे खड़े हो गए और ऊंची आवाज में कहने लगे कि आप लोग मुझे नहीं जानते हो, मैं चन्द्र सिंह गढ़वाली हूं। आप लोग अपनी किताबों के पन्नों में मेरा नाम देखना। इतना कहने के बाद वे अध्यापकों को मिलने के लिए अलग बिल्डिंग, जो अध्यापकों के लिए बनी थी, वहां चले गए। वहां उन्होंने अध्यापकों को घटना से अवगत किया होगा। एक दो घंटे के बाद जब वीर चंद्र सिंह गढ़वाली वहां से चले गए तब हेड मास्टर और अध्यापकगण क्लासें लेने आए तो उससे पहले सब छात्रों को उसी प्रांगण में घंटी बजाकर इक्कठा किया गया। हेड मास्टर, श्री दलबीर सिंह जी थे, उन्होंने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के जीवनी के बारे में संक्षिप्त में छात्रों को अवगत किया और उसके बाद सब छात्रों से पूछा गया कि उन्हें किसने धक्का दिया। उनके बार बार पूछने पर डर के मारे कोई भी कहने के लिए तैयार नहीं हुआ। फिर क्या होना था सबके पिछवाड़े की बेंत द्वारा पिटाई की गई। जब पिटाई हो गई, फिर क्लास मोनिटरों को कहा गया कि तुम पता लगाओ कि किसने शरारत की। यदि तुम पता नहीं कर पाओगे तो तुम्हें ही दंड दिया जायेगा। थोड़ी देर बाद डर के मारे एक दो छात्रों ने खुद अपनी गलती महसूस की और हेड मास्टर जी से कहा कि श्रीमान जी हमने जानबूझ कर नहीं किया है। हम खेलते समय भाग रहे थे और उन पर धक्का लग गया। हेड मास्टर जी भी समझ रहे थे कि यह शरारत नहीं थी बल्कि अकस्मात अनजाने में घटना घटी है। फिर भी उन्होंने उन्हें चेतावनी देकर माफ कर दिया। उन सभी छात्रों को मार खाने के बाद आज भी मालूम होगा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कौन थे? इंसान के जीवन में कभी ऐसी भी घटनाएं अनजाने में घट जाती हैं, जो जिंदगी में हमेशा याद रहती हैं।

●एस.पी. गौड़
समाजसेवी एवम
वरिष्ठ उत्तराखंड राज्य
आंदोलनकारी, नौएडा

# गैंगेस्टर के कारनामें ने पुलिस की कारगुजारी की कलई खोली?

संवाददाता

देहरादून। गैंगेस्टर यशपाल तोमर के कारनामें ने पुलिस की कारगुजारी उजागर कर दी। जहां एक आम आदमी को मोबाइल खोने का प्रार्थना पत्र लेते हुए उसकी फजीहत कर दी जाती है तो वहीं फर्जी कागजात व फर्जी आदमी के मा ध्यम से गैंगेस्टर कार रिलीज कराके ले जाता है वाह-री उत्तराखण्ड पुलिस?

गौरतलब है कि प्रदेश के थाने चौकियों में जहां एक ओर आम आदमी की कोई सुनवायी होती हो ऐसा कभी देखने को नहीं मिला है! आम आदमी को अपना छोटा सा मुकदमा दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड जाते हैं उसके बाद अगर मुकदमा दर्ज भी हो जाता है तो उसकी जांच के नाम पर भी उसको दौडाया जाता है। जबकि अधि कारी आये दिन आदेश करते रहते हैं कि कोई भी फरीयादी थाने चौकी में आये तो उसकी सुनवायी होनी चाहिए। लेकिन अधिकारियों के आदेश मात्र आदेश ही बनकर रह जाते है। क्योंकि काम तो थाने चौकी में बैठे पुलिस कर्मियों का करना है और यहां पर उनकी मर्जी चलती है। एक आम आदमी अगर अपने मोबाइल के खोने का प्रार्थना पत्र लेकर चौकी थाने पर जाता है तो पहले उससे उसकी आईडी मांगी जाती है और अगर उसने आईडी दे दी तो उसके बाद उसको यह फरमान सुनाया जाता है कि पहले कचहरी जाकर एक घोषणा पत्र लेकर आओ। उसके बाद भी उसके मोबाइल खोने के प्रार्थना पत्र पर मोहर लग जाये तो उसकी किस्मत समझा जायेगा। एक आम आदमी से इतनी फोरमेल्टी मांगी जाती है जैसे वह मोबाइल खोने की नहीं जैसे कोई वसीयत कराने के लिए थाने पहुंचा हो। वहीं जिसकी पहुंच है तथा जिसका रूतबा हो उसका काम आसानी से हो जाता है। वहीं गैंगेस्टर यशपाल तोमर ने ऐसा कारनामा कर दिखाया जिसने पुलिस की कारगुजारी की पोल खोलकर रख दी। गैंगेस्टर ने वर्ष 2002 में हरिद्वार कोतवाली क्षेत्र में पुलिस पर हमला कर दिया था जिसमें पुलिस ने उसको एक कार के साथ गिरफ्तार किया था। जेल से छूटने के बाद यशपाल तोमर ने गुरूग्राम से चोरी की गाडी के फर्जी दस्तावेज किसी अन्य व्यक्ति के नाम बनाकर तथा बागपत के मुकेश की आईडी लगाकार न्यायालय में गैंग के दूसरे सदस्य को दिखाकर गाडी रिलीज के आदेश लेकर कोतवाली हरिद्वार से कार को रिलीज कराके ले गया वहां पर पुलिस ने कोई जांच नहीं की कि यह सही आदमी है या नहीं। उसको तो बस कागजात देखे और कार सौंप दी। अगर इसकी जांच एसटीएफ नहीं करती तो कभी पता ही नहीं चलता कि गैंगेस्टर ने क्या कारनामा किया और पुलिस कैसे उसके झांसे में आ गयी थी। यह तो एक कारनामा सिर्फ यशपाल का ही सामने आया है ऐसे कई मामले होंगे जिसका कभी खुलासा होगा भी या नहीं? अब सोचने वाली बात है कि अपने मोबाइल के खोने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आम आदमी को धक्के खाने पडते है वहीं एक गैंगेस्टर फर्जी कागजातों के सहारे अपनी कार छुडाकर ले जाता है उसकी कोई जांच नहीं होती और ना ही कोई पडताल होती है। पुलिस अधिकारियों को इसपर भी चिन्तन करना होगा?

## सू- दोकू क्र. 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# भैरव सेना की पंचगव्य शुद्धिकरण यात्रा शुरू

संवाददाता

देहरादून। भैरव सेना की पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा का शुभारम्भ महापौर सुनिल उनियाल गामा ने भगवा ध्वज देकर किया।

आज यहां भैंरव सेना के द्वारा प्रस्तावित पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा का शुभारंभ गांधी पार्क देहरादून के ऐतिहासिक द्वार से हुआ। जिसमें संगठन अध्यक्ष संदीप खत्री को देहरादून के महापौर सुनील उनियाल गामा ने भगवा ध्वज देकर यात्रा को रवाना किया। पंचगव्य यात्रा के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए सर्वप्रथम गांध ी पार्क के मुख्य द्वार पर यज्ञ का आयोजन किया गया, तत्पश्चात पवित्र पंचगव्य का आचमन सभी उपस्थित वक्ताओं तथा कार्यकर्ताओं को करवाया गया। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस अधिकारी एसएस पांगती, पूर्व राज्य मंत्री राजेश शर्मा, समाजसेवी उपेंद्र अंथवाल, भू-अध्यादेश अधिनियम के संस्थापक शंकर सागर, पूर्व सैनिक कल्याण संघ के प्रदेश महासचिव देवेंद्र डोभाल, राज्य आंदोलनकारी स्वामी दर्शन भारती एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश थपलियाल भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड सनातन ध र्म की उद्गम स्थली है जिसका पूरा विश्व अनुसरण करता है परंतु पिछले दो दशक से उत्तराखंड में बाहरी गैर हिंदुओं



के आने से पहाड़ की संस्कृति और परंपराएं विलुप्ति की कगार पर आ गई हैं। जिनके द्वारा समय-समय पर सनातन धर्म का ह्रास भी होता रहता है और संप्रदायिक माहौल बिगड़ने का भी भय बना रहता है। इसी कारण संगठन द्वारा पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गैर सनातनी स्वत: ही पवित्र देवभूमि से अपने आप को दूर रखेंगे। प्रदेश महासचिव आचार्य उमाकांत भट्ट ने कहा कि संगठन द्वारा कई वर्षों से पंचगव्य कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही थी परन्तु 2 वर्ष कोरोना काल के कारण पंचगव्य अभियान आगे नहीं बढ़ पाय। प्रदेश सचिव संजय पंवार ने कहा कि यात्रा का शुभारंभ गांधी पार्क से यमुनोत्री, गंगोत्री, देवप्रयाग, श्रीनगर, ध ारीदेवी, रुद्रप्रयाग, कालीमठ, गौरीकुंड, सोनप्रयाग, त्रिजुगीनारायण, उखीमठ, तुंगनाथ, मां अनुसूया देवी मंडल, गोपेश्वर, जोशीमठ, विष्णु प्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, कोटेश्वर महादेव, श्री यंत्र टापू तत्पश्चात त्रिवेणी घाट ऋषिकेश में समापन होगी। जिला अध्यक्ष देहरादून रंजीत पाठक ने कहा की पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान का उद्देश्य देवभूमि उत्तराखंड में गैर हिंदुओं के आने पर प्रतिबंध के उद्देश्य से किया जा रहा है। पंचगव्य यात्रा कार्यक्रम में उल्लेखित वक्ताओं सहित करण शर्मा, सुधांशु जख्मोला, मयंक कुमार, रघुनंदन, अमन, रजत सहित दो दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध स्लाटर हाउसों पर करें कार्यवाहीः डीआईजी

संवाददाता



देहरादून। डीआईजी गढवाल रेंज करन सिंह नगन्याल ने सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध स्लॉटर हाउसों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये।

आज यहां डी.आई.जी. गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर गठित गोवंश संरक्षण स्क्वाड के कार्यों की समीक्षा कर टीम के सदस्यों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त स्क्वाड हरिद्वार, देहरादून के अतिरिक्त पर्वतीय जनपदों में भी गोवंश के अवैध परिवहन करने वालों के विरूद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करेंगे एवं परिक्षेत्र के जनपदों में अवैध स्लॉटर हाउसो की सूची तैयार कर अवैध रूप से चल रहे स्लॉटर हाउसों एवं अवैध रूप से गोवंश लाने व ले जाने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे । स्क्वाड को निर्देशित किया गया परिक्षेत्र स्तर पर गोवंश के अवैध परिवहन, कटान में सम्मिलित आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर में निरूद्ध करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। टीम द्वारा गोवंश मांस के परीक्षण में विलम्ब होने की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर डीआईजी द्वारा सम्बन्धित विभाग को गोवंश संरक्षण स्क्वाड को समय से मांस के परीक्षण हेतु पशु चिकित्सीय अधिकारी को उपलब्ध कराने व आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु पत्राचार किया जा रहा है। समीक्षा में स्क्वाड के कार्यों पर सन्तोष जताते हुए डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में गोवंश के अवैध परिवहन, कटान पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के दृष्टिगत अधिकाधिक चौकिंग व विधि क कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# जित्ती ने मांगी 15 लाख की फिरौती, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। जितेन्द्र रावत उर्फ जित्ती ने मीट कारोबारी से 15 लाख रूपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर नथनपुर निवासी मुकेश कुमार ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुलिस नम्बर 6 में मीट की दुकान है । उसके भाई उमेश कुमार ने सुरेश सिंह से 43 लाख रूपये में एक जमीन थानो में ली थी जिसके एवज में उसने सुरेश सिंह को 28 लाख रूपये अदा किये थे । यह कि उसके भाई द्वारा बकाया 15 लाख रुपये रजिस्ट्री के कुछ समय बाद देने थे जो कि वह दे नही पाया । सुरेश सिंह द्वारा पैसे न प्राप्त होने पर अपसी सहमति से रजिस्ट्री कैंसिल करा दी गयी व उसके भाई को 25 लाख रूपये वापस देने का आश्वासन दिया गया कुछ समय बाद वह व उसका भाई अपने पैसे लेने गये तो सुरेश सिंह द्वारा उन्हे 3 दिन का समय दिया गया। 21 अप्रैल को उसको फोन पर जितेंदर सिंह रावत पुत्र लखपत सिंह रावत निवासी नत्थनपुर का मोबाईल से वाट्सअप पर काल आया जिसमें उसने खुद का बदमाश जितेंदर उर्फ जित्ती बताया व उसको धमकी दी की वे अपना पैसा सुरेश सिंह से न माँगे अथवा बचा हुआ 15 लाख रूपया जितेंदर को फिरौती रूप मे दे दें अन्यथा वह उसके परिवार को जान से मरवा देगा। 21 अप्रैल को जित्ती ने उसको 3 बार धमकी भरे काल किये । उसके द्वारा उससे परिवार की जान बचाने के लिए 13 लाख रूपये की माँग की। इससे पूर्व भी मोनू निवासी डीएल रोड के व्यक्ति ने उसको मोबाईल से काल किया और खुद को जितेंन्द्र सिंह रावत का आदमी बता कर डराया व धमकाया अथवा पैसों की माँग करी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा में जाऊंगा तो चोरी छुपे नहीं..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

जिसे भी मेरे से कोई आपत्ति है मेरे सामने आकर बात करें।

इस अवसर पर पत्रकार वार्ता में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि पार्टी के किसी भी नेता या कार्यकर्ता को अगर किसी बात को लेकर आपत्ति है तो वह कायदे से अपनी बात पार्टी फोरम में रख सकता है। सोशल मीडिया पर किसी पर भी टीका टिप्पणी कर पार्टी अनुशासन को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सहायक नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नगर संवाददाता



हरिद्वार। फुटपाथ के रेडी पटरी के लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में सभी प्रस्तावित वेंडिंग जोन के प्रतिनिधियों के साथ अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आज मुख्य नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती की अनुपस्थिति में सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद के कार्यालय पर सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा गया है।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा चार धाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसी के दृष्टिगत उत्तराखंड नगरी के फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार रेडी पटरी के लघु व्यापारियों की न्यायसंगत मांगों के निदान के लिए मुख्य नगर आयुक्त को प्राथमिकता के आधार पर फेरी समिति की बैठक बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को प्रस्तावित वेंडिंग जोन में स्थापित किया जाना न्याय संगत होगा। उन्होंने कहा के आए दिन लघु व्यापारियों की पहचान न होने के कारण मेहनतकश रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों का पुलिसिया उत्पीड़न व शोषण किया जा रहा है जबकि राज्य में रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को संरक्षित किए जाने को लेकर कानून बनाया जा चुका है।

सहायक नगर आयुक्त को अपना 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधि मंडल में महासचिव मनोज मंडल, प्रवक्ता राजेंद्र पाल, उपाध्यक्ष तस्लीम अहमद, कोषा अध्यक्ष जय सिंह बिष्ट, दिलीप कुमार गुप्ता, चुन्नू चौधरी, विजय गुप्ता, लालचंद सिंह, वीरेंद्र कुमार, हरपाल सिंह, चंदन सिंह रावत, कैलाश चौधरी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## शराब पिलाने पर रेस्टोरेंट स्वामी गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने रेस्टोरेंट में शराब पिलाने पर रेस्टोरेंट स्वामी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान रिंग रोड पर एक रेस्टोरेंट में छापा मारा तो वहां पर शराब पी रहे लोगों में अफरा तफरी मच गयी और वह वहां से भाग गये। पुलिस ने रेस्टोरेंट स्वामी को गिरफ्तार कर लिया। जिसने अपना नाम विवेक डोभाल निवासी गढवाली कालोनी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवती की अश्लील फोटो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। युवती का अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर उसको जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी निवासी युवती ने साइबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी परिचित ने उसको कॉल करके सूचित किया कि किसी एक अज्ञात व्यक्ति ने हमारे मोबाइल नम्बरों पर तुम्हारा फोटो सहित अपमानजनक शब्द व्हाट एप्प के माध्यम से सोशल मीडिया पर वाइरल किया गया जिसमें उसके बारे में लिखा है कि 'अगर आप इसको जानते है तो वह एक सेक्स वेश्यालय में काम करने वाली है। उसने हाल में ही 2 साल की लड़की की हत्या की है। वह पैसे के लिए कुछ भी कर सकती है। यदि आप अपने समाज में देखते हैं तो कृपया पुलिस को सूचित करें' यह शब्द लिखकर उसकी समाज में गरिमा सम्मान को ठेस पहुँचाकर बदनाम कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ऋषिकेश की सान्या पंजाब यूनिवर्सिटी में सितारा बनकर उभरी!

नगर संवाददाता



ऋषिकेश। बेहतरीन स्टेज परफोर्मर के रुप कई मेगा इंवेस्टर्स में छाप छोड़ने और इससे पहले अपने अभिनय से ऋषिकेश की डिजिटल रामलीला में सीता का जीवंत किरदार निभाने वाली सान्या सचदेवा इन दिनों पंजाब में भी अपने हुनर का जलवा बिखेर रही है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मास कम्युनिकेशन का कोर्स कर रही तीर्थ नगरी की बेटी सान्या को यूनिवर्सिटी की छात्राओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवत मान के साथ रूबरू होने का मौका मिला। इस दौरान सान्या के टेलेंट से मुख्यमंत्री भी प्रभावित नजर आये।

उन्होंने सान्या सहित अन्य छात्राओं के आग्रह पर जहां उनके साथ सेल्फी ली वहीं छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए आर्शीवाद भी दिया। उल्लेखनीय है कि चंद दिन पूर्व ही यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में भी सान्या ने हजारों छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में पंजाब के लोकप्रिय गायक व अभिनेता गुरनाम भुल्लर को प्रपोज कर खूब सुर्खियां बटोरी थी।

सान्या को कार्यक्रम के दौरान गुरनाम भुल्लर के साथ परफोर्म करने का मौका भी मिला था जिसमें उन्होंने अपनी शानदार नृत्य प्रतिभा के दर्शन कराकर न सिर्फ पंजाबी गायक बल्कि अन्य मौजूद हस्तियों को भी अपना कायल बना दिया था पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर के साथ पंजाब की हीरोइन सोनम बाजवा व कई निदेशक व प्रोड्यूसर उपस्थित थे। अभी कुछ समय पहले ही सान्या सचदेवा को चंडीगढ यूनिवर्सिटी द्वारा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की टीम के साथ रसिया के मॉस्को इंटरनेशनल फेस्टिवल के लिए रसिया के नोवगोरोड शहर में जाने का मौका मिला था जहां इन्होंने भारत के पंजाब राज्य की संस्कृति भांगड़ा , गिद्दा और मलवई गिद्दा के जरिए बखूबी प्रस्तुत कर वहां विदेशी लोगों की वाह-वाह लूटी ।


बताते चलें कि सान्या सचदेवा का शुमार तीर्थ नगरी के टेलेंटेड बाल कलाकारों के रूप में होता रहा है। कई शार्ट मूवीज में काम कर चुकी सान्या सचदेवा का कहना है कि उनको पूरा यकीन है कि एक दिन बॉलीवुड के बड़े पर्दे पर भी उनका सितारा जरूर चमकेगा।



## एक नजर

# कोरोना की चौथी लहर का खौफ, स्कूल में प्रार्थना पर लगी रोक!

रांची। देश में कोरोना संक्रमण के चौथे लहर की आशंका जताई जाने लगी है। इसे देखते हुए कई राज्य सरकारों पाबंदी लगानी शुरू कर दी है। रांची में स्कूल के बच्चों को एक साथ प्रार्थना करने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही सांस्कृतिक और खेल कार्यक्रमों पर भी पाबंदी लगा दी गई है। अध्यापकों और कर्मचारियों को मस्क पहनना जरूरी हो गया है। इसके अलावा स्कूलों को नियमित रूप से सेनेटाइज करना भी जरूरी हो गया है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव राजेश शर्मा ने सभी जिला शिक्षा के अधिकारियों को एक पत्र लिखा है। जिसमें कई तरह की व्यवस्थाएं करने के लिए कहा गया है। उन्होंने अपने पत्र में जिक्र किया है कि कई राज्यों में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। लिहाजा खास सतर्कता बरतने की जरूरत है। शिक्षा सचिव ने कहा है कि स्कूलों को खोले जाने के समय डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की ओर से जारी एसओपी का कड़ाई से पालन करना होगा। कक्षा एक से १२ तक के छात्र ऑफलाइन तरीके से कक्षा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए अभिभावकों से लिखित में अनुमति होना जरूरी है। अध्यापकों की बायोमेट्रिक के जरिए हाजिरी लगाई जाएगी।




# एनसीपी कार्यकर्ता ने पीएम आवास के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ की अनुमति मांगी

मुंबई। महाराष्ट्र से शुरू हुआ हनुमान चालीसा विवाद प्रधानमंत्री आवास तक पहुंच गया है। एनसीपी कार्यकर्ता फहमीदा हसन खान ने प्रधानमंत्री आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की अनुमति मांगी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह को एक पत्र भी लिखा है। मुंबई उत्तर जिला की एनसीपी कार्यकारी अध्यक्ष फहमीदा हसन खान ने अपने पत्र में लिखा कि, मुझे हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवास के बाहर नमाज़, हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा, नवकार जैसे मंत्रों का पाठ करने की अनुमति दी जाए। कृपया सभी धर्मों का पाठ करने के लिए मुझे दिन और समय बताया जाए। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपने घर पर हनुमान चालीसा और दुर्गा चालीसा का पाठ करती हैं। अगर, रवि राणा और नवनीत राणा को मतोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने से फायदा दिख रहा है तो वह देश का फायदा करने के लिए पीएम मोदी के घर के बाहर सभी धर्मों का पाठ करना चाहती हैं। फहमीदा हसन ने कहा, देश में बेरोजगारी और महंगाई जिस तरह से बढ़ रही है, उसको लेकर देश के प्रधानमंत्री को जगाना आवश्यक हो गया है। अगर हिंदुत्व व जैनिज्म को जगाकर देश से महंगाई व बेरोजगारी कम हो सकती है और देश को फायदा होता है, तो वह पीएम मोदी के घर के बाहर सर्वधर्म पाठ करना चाहती हैं।

# राहुल गांधी ने सीबीएसई बोर्ड को बताया राष्ट्रीय शिक्षा श्रेडर

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की आलोचना करते हुए नजर आए। गांधी ने सीबीएसई को लेकर एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने पाठ्यक्रम में बदलाव और अफ्रीकी–एशियाई क्षेत्रों में इस्लामी साम्राज्यों पर चौप्टर्स को छोड़ने, मुगल दरबारों के इतिहास, शीत युद्ध और औद्योगिक क्रांति पर प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। रिपोर्ट्स की मानें तो सीबीएसई ने इन चौप्टर्स को ११वीं और १२वीं कक्षा के इतिहास और राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम से हटा दिया है। अपने ट्वीट में ५१ वर्षीय कांग्रेस नेता ने शिक्षा बोर्ड को फटकार लगाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा श्रेडर बताया। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें उन चैप्टर्स को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें छोड़ा गया है। पाकिस्तान के कवि फैज अहमद फैज की कविताएं भी सूची में हैं। इसके साथ ही इसमें सीबीएसई को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सप्रेसिंग एजुकेशन बताया गया है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा १० के पाठ्यक्रम में खाद्य सुरक्षा पर एक चैप्टर से कृषि पर वैश्वीकरण का प्रभाव विषय को हटा दिया गया है। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बदलाव पाठ्यक्रम के युक्तिकरण का एक हिस्सा था।




# पीएमओ से होगी केदारनाथ यात्रा की मॉनिटरिंग



**❑सोनप्रयाग से केदारनाथ तक आधुनिक कैमरे लगेंगे**

**❑मुख्यमंत्री धामी कल जाएंगे तैयारियों का जायजा लेने**

विशेष संवाददाता

देहरादून। दो साल व्यवधान के बाद शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जहां उत्तराखंड का शासन-प्रशासन मुस्तैद दिख रहा है वहीं केंद्र सरकार भी इस यात्रा पर नजर रखे हुए हैं। पीएमओ द्वारा केदारनाथ यात्रा की मॉनिटरिंग पहली बार करने की व्यवस्था की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश पर केदारधाम यात्रा मार्ग पर इस सीजन में अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। जो यात्रियों की हर स्थिति पर नजर रखेंगे। केदारनाथ से लेकर सोनप्रयाग के बीच 10 कैमरों के जरिए पीएमओ इस यात्रा के संचालन पर दिल्ली में बैठकर नजर बनाए रखेगा। यह कैमरे सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर ही काम नहीं करेंगे बल्कि परेशानी और आपदा से दिल्ली को अवगत कराने में मददगार होंगे।

केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने केदार धाम के पुनर्निर्माण का जिम्मा खुद संभाला हुआ है। केदार पुरी को दिव्य और भव्य बनाने को लेकर जो पुनर्निर्माण काम चल रहे हैं, समय-समय पर पीएम मोदी खुद उनका अवलोकन करते रहे हैं। उनकी इस खास दिलचस्पी के कारण राज्य का शासन-प्रशासन भी केदारनाथ के नव निर्माण कार्यों को लेकर सजग बना हुआ है। अभी चंद रोज पूर्व राज्य के मुख्य सचिव एसएस संधू केदारनाथ जाकर इन यात्रा तैयारियों का जायजा लेकर आये थे, वही कल मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदार पुरी जा रहे हैं जिससे यात्रा की जमीनी तैयारियों को परखा जा सके। खबर यह भी है कि मई माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ धाम आने का कार्यक्रम है जिसमें अभी तारीख तय नहीं हो सकी है। केदारनाथ धाम के कपाट 6 मई को खुलने हैं। लेकिन इस साल हुई भारी बर्फबारी के कारण अभी रास्तों पर 5 से 6 फीट तक बर्फ जमा है जिसे हटाने का काम चल रहा है। हेली सेवा की बुकिंग शुरू हो चुकी है तथा इस बार रिकॉर्ड श्रद्धालुओं के केदारधाम पहुंचने की संभावना है।

अभी दो दिन पूर्व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा भी चार धाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समय पूर्व सभी काम पूरे करने के निर्देश दिए गए थे। धाम में यात्रियों को ठहरने के लिए कैंट कॉलोनी बनाई जा रही है जिनमें 12000 यात्री प्रतिदिन ठहर सकेंगे। यात्रियों को ठहराने खाने-पीने व शौच आदि की व्यवस्थाएं कितनी हो सकी हैं इसकी जानकारी कल सीएम खुद लेंगे।

# हाथी के हमले में पुलिसकर्मी की मौत



हमारे संवाददाता

पौड़ी। मॉर्निंग वॉक पर गये एक पुलिसकर्मी की आज सुबह हाथी के हमला करने से मौत हो गई। यह पुलिसकर्मी कोटद्वार- पुलिंडा मोटर मार्ग पर मॉर्निंग वॉक करने गया हुआ था। मृतक पुलिसकर्मी देहरादून निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही करने के साथ ही परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह कोटद्वार के कोटद्वार- पुलिंडा मोटर मार्ग पर एक पुलिसकर्मी मनजीत सिंह अपने दोस्त के साथ मार्निग वॉक पर गया हुआ था। बताया जा रहा है कि सुबह 6 बजे जब वह वॉक कर घर लौट रहा था तो तभी एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया।

हाथी से बचने के लिए मनजीत वहां से तेजी से दौड़ने लगा और सड़क पर गिर गया, तभी हाथी भी वहीं पहुंच गया और उस पर हमला कर दिया। इस हमले में मनजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद मनजीत को गंभीर हालत में बेस हॉस्पिटल कोटद्वार लाया गया लेकिन वहां पहुचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मनजीत सिंह मूलरूप से देहरादून विकासनगर के रहने वाला था और कोटद्वार में अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात था। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

# प्राकृतिक खेती को बढाने के लिए होगा टास्क फोर्स का गठनः सीएम

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने कहा कि राज्य में जल्द एक टास्क फोर्स का गठन किया जायेगा। जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स को शामिल कर उत्तराखण्ड में प्राकृतिक खेती कों आगे बढ़ाया जायेगा।



आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नीति आयोग द्वारा आयोजित नवोन्मेज़ी कृषि कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में ईकोलॉजी और इकोनोमी में कैसे आदर्श समन्वय हो, इस दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने राज्य में सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जी.ई.पी) को लागू किया है, जो जी.डी.पी को निधरित करने के प्रचलित मॉडल के साथ लागू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन के अन्तर्गत विश्व स्तरीय पौधशालाओं की स्थापना, चाय के विकास के लिए उत्तराखण्ड की चाय को वैश्विक पहचान दिलाने, जल संरक्षण हेतु काश्तकारों को प्रोत्साहित कर रेन हार्वेस्टिंग टैंकों के व्यापक स्तर पर निर्माण एवं सब्जी और पुष्प उत्पादन हेतु पॉलीहाउस को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किये जा रहे है। जिसमें नीति आयोग एवं केन्द्र सरकार से मदद ली जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्राकृतिक कृषि के उत्थान एवं उसके विविध आयामों पर कार्य करने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उत्तराखण्ड सरकार राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों को प्रेरित कर रही है। कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से काश्तकार इससे जुड़ेगे। रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती राज्य के विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जल्द एक टास्क फोर्स का गठन किया जायेगा। जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स को शामिल कर उत्तराखण्ड में प्राकृतिक खेती में आगे बढ़ाया जायेगा। हमें अपनी कृषि व्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी खेती को तमाम हानिकारक रसायनों से बचाना होगा। जिससे काश्तकार भी सम्पन्न हो सकें और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः आधारित कृषि व्यवस्था लागू हो सके।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*